वार्षिक परीक्षा 2017-2018
हिन्दी साहित्य

कक्षा : VII A-E
समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

---

1. शीर्षक एवं कवि का नाम लिखकर कविता की पंक्तियाँ पूरी करें एवं सरलार्थ भी लिखें। **[6+2+4=12]**

रूकती न कभी............................

....

....

....

....

....

...............................भी गाती है ।

2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर, किन्हीं दो से वाक्य बनाएँ : (शब्द उतारें) **[4+3=7]**

संग, ग्रसित, धमनी, सचेष्ट, विषम, कतार, गति, अंकुश ।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखें :- **[4x5=20]**

(क) गाँधी जी और नेहरू जी दोनों का जीवन क्या प्रमाणित करता है ?

(ख) तैरने का अभ्यास करते समय क्या-क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए ?

(ग) लहरों ने अपने साथ खेलने के लिए किसे कहाँ से उतार लिया? उसके बाद उन्होंने क्या किया ?

(घ) बिजली, पानी, गैस और पेट्रोल ने हड़ताल खत्म करने के लिए कौन-सी शर्त रखी ?

(ङ) लोगों में कौन सी स्विमिंग सबसे अधिक लोकप्रिय है ? इसके क्या लाभ हैं ?

4. पाठ के आधार पर दिए गए खाली स्थानों को भरें :- **[04]**

(क) ______________ के नाते उन पर कितना दायित्व था ।

(ख) नल में एक ______________ पानी तक नहीं आया ।

(ग) पसीने से पूरा ______________ चिपचिपा रहा है ।

(घ) पानी में किया गया ______________ ज़मीन की तुलना में 9 गुना अधिक देता है ।

(ङ) तुम्हारी बात सत्य है, ______________ रानी ।

(च) ______________ नहीं कर सकता ______________ न मिलने के कारण ।

Downloaded From www.icseboard.org

5. **वयस्कों की अपेक्षा विद्यार्थियों के लिए समय-पालन का कई कारणों से अधिक महत्व है ।**

(क) छात्रों को कितने घंटों की समय-तालिका दी जाती है ? [1]

(ख) समय पालन का महत्व किनके लिए अधिक है ? तथा क्यों ? [3]

(ग) जीवन में सफलता हम किस प्रकार प्राप्त कर सकते है ? [2]

(घ) उपर्युक्त वाक्य किस पाठ से लिया गया हैं ? [1]

6. **किसने, किससे, कब और क्यों कहा ?** [6x2=12]

(क) "अच्छी बात है। मैं अभी कमीज़ पहन कर आता हूँ।"

(ख) "हम अब किसी भी चीज़ का अपव्यय नहीं करेंगे।"

7. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखें :-** [8]

(क) त्वचा में रूखापन किसके कारण आता है ?

(ख) इंडियन एकेडमी ऑफ़ स्पोर्ट्स रिसर्च के संस्थापक कौन हैं ?

(ग) किनकी भीड़ गाँधी जी को हमेशा घेरे रहती थी ?

(घ) तैराकी के ज़रिए कैसे लोग अपना वज़न कम कर सकते हैं ?

(ङ) किसके मुहल्ले में बिजली रात से गायब थी ?

(च) समय के अभाव की दुहाई कौन दिया करते हैं ?

(छ) किसकी बेकद्री लोग सबसे ज्यादा करते हैं ?

(ज) अमोल के बगल वाली कुरसी पर आकर कौन बैठता है ?

8. **निम्नलिखित वाक्य किन पाठों से लिए गए हैं ? उन पाठों के नाम तथा लेखक/लेखिका के नाम लिखें।** [8]

(क) ऐसे में आँखों में गॉगल्स पहनना अच्छा रहता है।

(ख) सारी मुसीबतें एक साथ ही आनी थी।

(ग) कंधे, कमर और जाँघ की मांसपेशियाँ मजबूत होती हैं।

(घ) सभी काम सुचारू रूप से और निश्चित समय पर अनायास होते चलते हैं।

9. **निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करें :-** [2]

सर्तकता, बत तियाँ, शारिरीक, स्वीमिंग

Downloaded From www.icseboard.org